# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026


# जहानाबाद मे दर्दनाक सड़क हादसा : कृषि सलाहकार ज्ञानचंद शर्मा की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवा ट्रक मे लगाई आग


RANJEET KUMAR


Published on 05 Aug 2026




रणजीत कुमार | जहानाबाद, बिहार | समाचार वाणी न्यूज़

बिहार के जहानाबाद जिले में मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में अमथुआ पंचायत के कृषि सलाहकार **ज्ञानचंद शर्मा (50 वर्ष)** की मौत हो गई। यह हादसा काको थाना क्षेत्र के **एनएच-33 स्थित सरस्वती मोड़** के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने साइकिल से घर लौट रहे ज्ञानचंद शर्मा को पीछे से टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक ज्ञानचंद शर्मा को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। इस हादसे में उनका चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे परिजनों को उनकी पहचान करने में भी कठिनाई हुई।

जानकारी के अनुसार, ज्ञानचंद शर्मा रोज की तरह काको बाजार में अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे हाइवा ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। दुर्घटना से नाराज लोगों ने **जहानाबाद-बिहारशरीफ एनएच-33** को जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोश इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों ने दुर्घटनाग्रस्त हाइवा ट्रक में आग लगा दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलने पर **काको थाना प्रभारी राहुल कुमार** पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। वहीं, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। चालक से पूछताछ की जा रही है और कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। देर रात तक पुलिस मौके पर मौजूद रहकर स्थिति को सामान्य बनाने में जुटी रही।

ज्ञानचंद शर्मा की असमय मृत्यु से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने तथा सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की समस्या को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-33 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/RANJEET KUMAR, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.